


नवभारत
भोपाल, शनिवार, 10 जनवरी, 2026


# नगरपालिका के पंजे से अच्छे-अच्छों का अभिमान धराशायी

## दुकानों के आगे 10-12 फिट कर रखा था अतिक्रमण, दो जेसीबी मशीनों ने तोड़कर नाले को कराया मुक्त





नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर में फैले अतिक्रमण पर नगरपालिका लगातार बुलडोजर चल रहा है, जिसके चलते जहां सड़के चौड़ी नजर आ रहीं है। तो वहीं सालों से दबे नालों को शहरवासियों को देखने को मिल रहे है। विगत चार दिनों से जारी इस कार्रवाई की लोग प्रशंसा कर रहे है, तो वहीं जिन लोग का अभिमान नगरपालिका के पंजा से तोड़ा जा रहा है, वह इस कार्रवाई पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए नजर आ रहे है।

दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एसड़ीएम शुभ्रता त्रिपाठी एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में सीएमओ विनोद उन्नीतान के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम द्वारा शहर में फैले अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रहीं है। जहां विगत दिनों नगरपालिका द्वारा शहर के ईसागढ़ रोड़, स्टेशन रोड़, इंद्रा पार्क और विदिशा रोड़ का अतिक्रमण हटाया। तो वहीं शुक्रवार को नगरपालिका की जेसीबी मशीन का पंजा कोलुआ रोड़ पर चला। इस दौरान जेसीबी मशीन ने सड़क के दोनो तरफ करीब आधा सैंकड़ा से अधिक दुकान एवं मकानों के आगे कच्चे एवं पक्के अतिक्रमण को हटाया। जिससे दोनो साइड नगरपालिका नाला नजर आने लगा।

**टूट रहा अभिमानियों का अभिमान, कार्रवाई की हो रहीं प्रशंसा:**

शहर को साफ, स्वच्छ और सुदंर बनाने के लिए नगरपालिका द्वारा की जा रहीं कार्रवाई हर जगह तारीफ हो रहीं है। जहां-जहां से नगरपालिका की जेसीबी मशीन का पंजा गुजरता है, वहां-वहां की सड़क चौड़ी होती नजर आती है। तो वहीं नगरपालिका की कार्रवाई के दौरान अच्छे अच्छो का अभिमान भी धरासाई होता नजर आता है, क्योंकि ऐसे लोग मानकर बैठे थे कि उनके अवैध अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन जब उनके अतिक्रमण पर प्रशासन का पंजा चलता है, उनका अभिमान भी धरा का धरा रह जाता है। गौर करने वाली बात ये है कि जिस कोलुआ रोड़ पर नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाया गया, वहां दुकानदारों द्वारा करीब 10 से 12 फिट सड़क पर अतिक्रमण कर रखा था, जिससे नाला दब गया था।

**मेरा भले टूट जाए, लेकिन अतिक्रमणकारी न बचे**

अतिक्रमण को लेकर नगरपालिका की कार्रवाई के दौरान कई दिलचस्प नजारे भी देखने को मिलते है, जहां अतिक्रमण अभिमानियों का अभिमान जेसीबी से तोड़ा जा रहा है, तो वहीं जहां पर जेसीबी का पंजा नहीं चलता वह लोग विरोध करने में जुट जाते है, जिससे वहां पर भी जेसीबी मुड़ती है और उसे भी तोड़ देती है, ऐसा ही नजारा शुक्रवार को देखने को मिला, जब नपा की जेसीबी विवेकानंद स्कूल की तरफ से नाला खोदते हुई निकली, तो वहीं के रहवासियों द्वारा जहां एक ओर अपने अतिक्रमण तोड़ने की बात कहीं, तो वहीं स्कूल द्वारा किये गये अतिक्रमण की शिकायत सीएमओ से लेकर कलेक्टर से की गई। जिसमें बाद आगामी समय में उक्त जमीन से अतिक्रमण हटाये जाने की बात कहीं गई।

# प्रलोभन देकर कराया धर्म परिवर्तन, दो पर एफआईआर

**चंदेरी थाने का है यह मामला**

**पति की शिकायत के बाद पुलिस ने लिया संज्ञान**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायतकर्ता की शिकायत पर दो महिलाओं सहित अन्य पर मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है, जिन महिलाओं ने धर्म परिवर्तन कराया, वह रिश्तेदार है, जिनसे कुछ दिनो पहले ही परिवार संपर्क में आया था। जानकारी के अनुसार अखिलेश कोली निवासी ग्राम हंसारी हाल निवास थाने के पीछे बुनकर कलोनी की शिकायत पर मिनी कोली व रक्षा कोली व अन्य लोगो के विरूद्व अपराध धारा 3/5 म.प्र. धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2021 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में अखिलेश कोली ने बताया कि करीब 7-8 महीने पहले मेरी उसकी रिश्तेदार मिनी और रक्षा के द्वारा पूर्व में ईसाई धर्म अपनाया है जो मुझे और मेरे परिवार से मिली थी तो उन्होने हमे अपना हिन्दू धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाने के लिये जोर दिया था तब मैने व मेरे परिवार ने उनकी बातो पर ज्यादा ध्यान नही दिया था, किन्तु मिनी और रक्षा द्वारा बार-बार मेरी पत्नि से संपर्क कर मोबाईल द्वारा ईसाई धर्म से संबंधित अन्य लोगो के साथ मिलकर मोबाईल के द्वारा मीटिंग लेते थे एवं मुझे व मेरे बच्चो को धर्म परिवर्तन करने के लिये कहा गया। जिस कारण हमारे परिवार में गृह क्लेश होने लगा, इस बजह से मेरी पत्नि व मेरे बच्चे हिन्दु धर्म को छोडकर ईसाई धर्म मानने लगे है और मुझे भी ईसाई धर्म मानने के लिये कहते है। मिनी और रक्षा के द्वारा भी मुझे बताया गया कि ईसाई धर्म की कई संस्थाओ के द्वारा तुम्हे व तुम्हारे परिवार को काफी लाभ व रूपया पैसा मिलेगा आप लोग सभी ईसाई धर्म को अपना लो। इसी शिकायत पर चंदेरी थाने में दो नामजद महिलाओं सहित अन्य लोगों एफआईआर दर्ज की गई है।

# जिन सहकारी समितियों से लाखों का कारोबार

## वही मालगोदाम कहीं हो रही जर्जर, तो कहीं अतिक्रमण की चपेट, बना रहता है खतरा



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/बहादुरपुर।** क्षेत्र में पांच सहकारी समितियों से हजारों किसान जुड़े हुए हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों के सहकारी बैंकों में ऋण खाते हैं तो खाद भी मुहैया कराया जाता है। जारी खरीफ सीजन में खाद वितरण व्यवस्था में सहकारी समितियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किंतु इन समितियों के भवन एवं परिसर की सुध सहकारिता विभाग को नहीं है। समितियों के प्रबंधकों ने भी इनकी सुध नहीं ली, वहीं बोर्ड भंग होने की दशा में नियुक्त किए गए प्रशासकों ने भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई, यही वजह है कि कहीं भवन जर्जर होकर गिरने की कगार पर हैं तो कहीं उन पर अतिक्रमण हो चुका है।

बात करें क्षेत्र की ओंडेर सेवा सहकारी समिति की तो इस समिति का मालगोदाम ओंडेर गांव में स्कूल के पास बना हुआ है। इस मालगोदाम की स्थिति जर्जर है और चारों ओर अतिक्रमण हो चुका है। आसपास के परिवार यहां पालतू मवेशियों को बांधते हैं। इस मालगोदाम में गांव की राशन दुकान चलती है। इस बार जब समिति को कई बार खाद मिला तो उसे रखने के लिए दो तीन जगह निजी गोदाम किराए पर लेना पड़े। वहीं सेवा सहकारी समिति गुदूली का मालगोदाम बहादुरपुर में है। यह मालगोदाम बेशकीमती जमीन पर है। जिसके चारों ओर कब्जे हो चुके हैं। हालांकि समिति द्वारा अभी भी इसी गोदाम से ही खाद वितरण कराया जा रहा है। इस गोदाम में राशन की दुकान भी चलती है। इसी क्षेत्र के ग्राम झागर बमुरिया में तो मालगोदाम का अता पता ही नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि इसका जो भवन था वह काफी जर्जर हो चुका था, जो बाद में अपने आप ढह गया। वर्तमान में ग्राम पंचायत के बहुउद्देशीय भवन से खाद वितरण किया जा रहा है।

**नरखेड़ा में जर्जर मालगोदाम गिराने प्रयास कर रहे ग्रामीण:**

क्षेत्र के नरखेड़ा गांव में जो सेवा सहकारी समिति का मालगोदाम है, वह ग्राम पंचायत भवन से लगा हुआ है। इसी परिसर में ग्राम पंचायत के सभी कार्यक्रम एवं ग्राम सभाएं होती हैं। मालगोदाम जर्जर हो चुका है। जिसे गिराने के लिए ग्रामीण कई बार शिकायतें कर चुके। कुछ महीने पहले तत्कालीन एसडीएम मनीष धनगर एवं एसडीओ लोनिवि ने मौका मुआयना कर त्वरित कार्रवाई की बात कही थी। किंतु समिति प्रबंधक देवदत्त साल्या की लापरवाही से इसे अब तक नहीं गिराया जा सका। इस भवन के पास मवेशी बैठे रहते हैं, ग्रामीणों का कहना है कि किसी दिन हादसा हो गया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

**इनका कहना है**

*हम पूरे अशोकनगर जिले में सेवा सहकारी समितियों की संपत्तियों की जानकारी जुटा रहे हैं कि वह किस हाल में हैं। अगर कहीं जर्जर है तो उन्हें गिराकर नवीन भवन स्वीकृति का प्रस्ताव भेजेंगे। अगर कहीं अतिक्रमण है तो उन्हें हटवाएंगे।*

***ध्रुव झरिया, प्रभारी उपायुक्त, सहकारिता अशोकनगर***

# निर्वाचन पर्यवेक्षक निलंबित

अशोकनगर। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षक जिला निर्वाचन कार्यालय रज्जाक खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय अधिकारी (राजस्व.) अनुभाग ईसागढ़ रहेगा। साथ ही नरेश कुमार गोलिया, सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय अशोकनगर द्वारा SIR दैनिक प्रगति (प्रोग्रेसिव) की जानकारी प्रतिदिन तैयार नहीं करने एवं और न ही वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत करने पर पारिश्रमिक 15 दिवस का सोख्त किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। कलेक्टर द्वारा 21 नवंबर को जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (S.I.R.) कार्य की प्रत्येक दो घंटे की रिपोर्ट निर्वाचन पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा न तैयार करने से और ना ही प्रस्तुत किये जाने से 24 नवंबर को मौखिक चैतावनी दी गई। इसके पश्चात भी निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। एसआईआर दैनिक प्रगति (प्रोग्रेसिव) बढ्ते क्रम में 7 जनवरी की स्थिति में तैयार नही की गई और न ही प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ के आदेशों का निरंतर उल्लंघन करने से यह स्पष्ट होता है कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की गई।

### एक नजर में

**सामान्य सभा की बैठक 12 को**

**अशोकनगर।** जिला पंचायत अशोकनगर की सामान्य सभा की बैठक 12 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

**सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 को**

**अशोकनगर।** जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कायर (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलूआ रोड अशोकनगर में कार्यक्रम किया गया है। कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से 10:30 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र से प्रात: 9:30 बजे से 10:15 बजे तक राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री का संदेश एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम होगा।

**ओम नमः शिवाय का जाप आज**

**अशोकनगर।** श्री सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिले के सभी मंडल स्तर पर शिव मंदिरों में ओम नम: शिवाय का जाप करेंगी। डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ता, श्रद्धालुओं के साथ मिलकर करेंगे।

# जलालपुर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जलालपुर मंडल के ग्राम ग्राम जलालपुर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ गौ माता, भारत माता की पूजा अर्चना के साथ किया गाय। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक अशोक कुशवाह, संत समाज मुकेश शास्त्री, एवं कदम सिंह मीणा विभाग कार्यवाहक गुना (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। हिन्होंने हिन्दू सम्मेलन की महत्ता के बारे में बताया, तो वहीं कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इस अवसर पर मुकेश शास्त्री ने सभी सनातन हिंदूओं से आपस में मिलजुल कर रहने तथा देश के लिए और समाज के लिए मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कदम सिंह मीणा ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि भारत प्राचीन काल से ही एक वैभव संपन्न राष्ट्र रहा है यहां दूध, घी की नदियां बहती थी। विभिन्न प्रकार के व्यंजन मसाले धन- संपदा, अनाज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थे। यहां ज्ञान का भंडार था तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालय है। यदि संसार में मानवता को जीवित रखना है तो हिंदू धर्म को जीवित रखना होगा। हमें संगठित रहना होगा, धर्म और देश की रक्षा के लिए हमें आगे होना होगा।

# प्रांतीय उपाध्यक्ष बने प्रेमनारायण तिवारी



नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल द्वारा संगठन के प्रति निरंतर समर्पण, मेहनत एवं कर्मठता को देखते हुए जिला अशोकनगर के जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी को प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर संगठन में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस संबंध में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष तिलक सिंह दांगी ने बताया कि संघ एक सक्रिय एवं प्रभावी संगठन है, जो शिक्षकों के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहता है। श्री तिवारी की संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता एवं कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री तिवारी के प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने के उपलक्ष्य में मुंगावली ब्लॉक टीम द्वारा स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे। समारोह में ब्लॉक कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्भय सिंह भाटी, ब्लॉक उपाध्यक्ष चंद्र मोहन चौबे, संतोष श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, पंकज बाबू, अरुण अग्रवाल, दीपा, रीना मोरे, मंजूलता माहौर, आराधना जैन, दीपिका सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



**वार्ड क्रमांक 5 में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन**

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड क्रमांक 5 में पार्षद आशुतोष देवलिया के साथ 20 लाख रुपए के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 5 की आनंद बीज भंडार वाली गली सहित अन्य गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य किए जाने का शुभारंभ किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पार्षद डॉ जयमंडल यादव, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा ), मनीष धुरेंटे, योगेश खेरा,संजीव जाटव एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनोरिया ने कहा कि नगर के सभी वार्डो में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं नाली निर्माण प्रारंभ होने से लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

**आयोजन** | **जन शिक्षा केंद्र चंदेरी में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन**

# पर्यावरण में शिवेंद्र और गणित में सौम्या रहीं अव्वल



नवभारत न्यूज

**चंदेरी। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार छात्रों के लिए विकासखंड स्तर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र पर किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए मॉडल प्रदर्शित कर उनका प्रस्तुतीकरण किया गया।**

इस विज्ञान प्रदर्शनी मेला में ब्लॉक के सभी पांच जन शिक्षा केंद्रों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

विज्ञान मेला की प्रदर्शनी की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के साथ की गई। इस दौरान अलग-अलग काउंटर पर अलग-अलग विषय के मॉडलों का प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन, बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल, मॉडल स्कूल के प्राचार्य राम सहाय कटारे आदि ने परिचय प्राप्त कर सभी छात्रों के मॉडलों को देखा और विषय वार निर्णायक मंडल से नियम अनुसार मूल्यांकन कराया गया। विषय वार मॉडल, लघु नाटिका, और एकल गीत आदि के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन करने के पश्चात प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन निर्णायक मंडल के द्वारा नियम अनुसार किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पर्यावरण विषय के लिए माध्यमिक विद्यालय नानकपुर के शिवेंद्र अहिरवार, गणित विषय के लिए मॉडल स्कूल चंदेरी की छात्रा सौम्या राठौर, सामाजिक विज्ञान विषय के लिए मॉडल स्कूल चंदेरी के छात्र शिवा नरवरिया, विज्ञान विषय के लिए मॉडल स्कूल के छात्र परमेंद्र सिंह, इसी प्रकार एकल गीत के लिए माध्यमिक विद्यालय भतीजा के छात्र बसंत कुमार, लघु नाटिका के लिए माध्यमिक विद्यालय अमरोद की छात्राएं रानी, सोनिया, गुनगुन और सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम तगारी की छात्रा अनुष्का लोधी का तथा अन्य का चयन किया गया। उपरोक्त चयनित छात्राओं की अगली प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी।




**महिला महा समिति का संभाग स्तरीय अधिवेशन संपन्न**

**मुंगावली।** दिगम्बर महिला महा समिति का संभागीय अधिवेशन शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में शामिल होने राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में मंजू अजमेरा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रही। तो वहीं इंदु गांधी भूतपूर्व मध्यांचल अध्यक्ष ,वर्तमान राष्ट्रीय मंत्री के रूप में संगीता सावधानी, मध्यांचल अध्यक्ष ममता गंगवाल, मध्यांचल मंत्री मध्यांचल कोषाध्यक्ष के रूप में पूजा सावधानी और अल्पना सराफ एवं नीता सराफ मुंगावली से वर्तमान अध्यक्ष वंदना फट्टा एवं मंत्री आराधना जैन अध्यक्ष जैन मंत्री का नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इसके बाद सभी को शपथ दिलाई गई। नवीन कार्यकारी समिति में अध्यक्ष प्रीति एवं मंत्री श्रीमती को सोमा बेध को चुना गया समिति की बहनों के द्वारा अपना घर नाटिका का मंचन किया गय। नाटिका में नेहा सिंघई के द्वारा निर्देशित किया गया, नाटक में वंदना फट्टा, इंदु फट्टा, ज्योति सराफ, शालू टडेया, प्रतिभा जैन,सारिका जैन, प्रज्ञा जैन आदि मौजूद रहीं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/डी-54/2025-26

चंदेरी दिनांक 9/1/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक कालीचरण साहू पुत्र अजुद्दी साहू निवासी ग्राम सोंतेर तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता अजुद्दी साहू पिता बल्ले साहू की मृत्यु दिनांक 16/04/1999 को ग्राम सोंतेर में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 16/1/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**नायब तहसीलदार**
**वृत-2 विक्रमपुर**
**तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर**